षोडश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-27.03.2017 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री सदानंद सिंह, स०वि०स० श्री अजीत शर्मा, स०वि०स०	"भागलपुर जिला के विक्रमशीला विश्वविद्यालय के स्थल पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के निर्णय के दो वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक भूमि अधिगृहित नहीं की गई है । इस आलोक में जिला पदाधिकारी, भागलपुर समाहरणालय के पत्रांक-LVIII-4206-909, दिनांक-21.03.2016 द्वारा अपर सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को 500 एकड़ रैयती भूमि अधिग्रहण करने हेतु अनुमानित कुल राशि 4,17,87,94,920/- (चार अरब सतरह करोड़ सतासी लाख चौरानवे हजार नौ सौ बीस) रूपये व्यय होने की सम्भावना व्यक्त की गई है । भूमि अधिग्रहण में हो रहे विलम्ब के कारण केन्द्रीय विश्वविद्यालय का निर्माण बाधित है । अत: शीघ्र भू-अर्जन कर विक्रमशीला विश्वविद्यालय के स्थल पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	शिक्षा

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	श्री संजय सरावगी, स०वि०स०	"दरभंगा, प्रमंडलीय मुख्यालय है जिसका पुराना बस स्टैण्ड शहर के अन्दर है, जिसकी स्थिति अत्यन्त नारकीय है एवं वहाँ भारी जाम लगा रहता है । राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की जमीन पर दिल्ली मोड़ के निकट राष्ट्रीय समविकास योजना से 5 वर्ष पूर्व से ही 6 करोड़ की राशि से नया बस स्टैण्ड बनकर तैयार है लेकिन राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के आपसी विवाद के कारण बना हुआ बस स्टैण्ड प्रारम्भ नहीं हुआ है । अतः जनहित में नये बस स्टैण्ड को प्रारम्भ कराने के लिए मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।"	नगर विकास एवं आवास राजस्व एवं भूमि सुधार

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-19/17- 2283 - 2293/वि०स०, पटना, दिनांक-25 मार्च, 2017 ई० ।

प्रति:- बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्य मंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्री / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय, पटना / संसदीय कार्य विभाग / शिक्षा विभाग / नगर विकास एवं आवास तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

25.3.17

(अनिल कुमार जायसवाल)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-19/17- 2283 - 2293 /वि०स०, पटना, दिनांक-25 मार्च, 2017 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रशाखा पदाधिकारी, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

25.3.17

(अनिल कुमार जायसवाल)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

25/3/17